कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.06.2024

विषयः- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा 01 नफ़र वांछित शातिर अभियुक्त अजय पटेल गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 बंडल (46 किलो) AB विद्युत केबल व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद ऑटो बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में मुखबिर की सहायता से थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0225/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त अजय पटेल पुत्र नरेश पटेल निवासी ग्राम सतपोखरी दुलईपुर थाना मुगलसराय जिला चन्दौली हालपता मीरापुर बसही गाँधी चबूतरा के पास थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक-08.06.2024 को समय करीब 02.45 बजे रिंगरोड काशी धाम होटल शिवपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 बंडल AB विद्युत केबल व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद ऑटो को बरामद कर थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त अजय पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि यह जो आटो मे AB केबल रखा हुआ है इसे मैंने व मेरे अन्य दो साथियों ने मिलकर बीती रात को खुशहाल नगर से चोरी किया था, जिसे आज रात हम तीनो लोग बेचने के लिए ले जा रहे थे कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया और मेरे साथी लोग अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गये।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अजय पटेल पुत्र नरेश पटेल निवासी ग्राम सतपोखरी दुलईपुर थाना मुगलसराय जिला चन्दौली हालपता मीरापुर बसही गाँधी चबूतरा के पास थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- रिंगरोड काशी धाम होटल शिवपुर के पास से दिनांक-08.06.2024 को समय करीब 02.45 बजे

बरामदगी का विवरण- 01 बंडल (46 किलो) AB विद्युत केबल व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद ऑटो बरामद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 अनुज कुमार शुक्ला थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 राजेश कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी